**26.8** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया राजधानी में रविवार को। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इस सप्ताह अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
सोमवार 24 फरवरी 2020

## न्यूज गैलरी

### संदेह के लाभ में दुष्कर्म के दोषी की सजा हुई कम

**नई दिल्ली** : हाई कोर्ट ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे दोषी मनोज की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे संदेह का लाभ दिया है। न्यायमूर्ति विभू बाखरू की पीठ ने कहा कि सभी तथ्यों एवं पीड़िता के बयान को देखते हुए कहा जा सकता है कि इसमें संदेह है कि अपीलकर्ता ने किशोरी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि घटना के दौरान पीड़िता नाबालिग थी और शारीरिक संबंध बनने के कारण वह गर्भवती हुई। पीठ ने कहा कि किशोरी द्वारा घटना के बाद दिए गए बयान और अदालती सुनवाई के दौरान सवाल-जवाब में दिए गए बयान में अंतर है। दोषी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा है और दुष्कर्म के संबंध में पेश किए गए तथ्य भी कमजोर हैं। ऐसे में सभी तथ्यों को देखते हुए उसे कम से कम सजा दी जानी चाहिए। पीठ ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई दस साल की कठोर कारावास की सजा को कम करते हुए सात साल कर दिया। याचिका के अनुसार 4 मई 2013 को पुस्ता उस्मानपुर के पास किशोरी का दो नकाबपोश युवकों ने अपहरण किया और कुछ दूर ले जाकर मनोज ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के स्वजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज हुई। हालांकि बाद में किशोरी ने बयान दिया कि दोषी के साथ दोस्ती थी और वह उसे लेकर पुस्ता उस्मानपुर गया था। वहां मनोज ने उसके साथ उसकी सहमति के बगैर शारीरिक संबंध बनाया था। (जासं)

### स्कूल चलाने में जीके ने जताई थी असमर्थता : हित

**नई दिल्ली** : शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता जत्थेदार अवतार सिंह हित ने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल हरि नगर स्वयं सुखो खालसा प्राइमरी एजुकेशन सोसायटी को वापस किया और कमेटी की ओर से स्कूल चलाने में असमर्थता जताई थी। रविवार को एक बयान में जत्थेदार हित ने कहा कि 2016 में मनजीत सिंह जीके ने स्वयं सोसायटी को पत्र लिखकर स्कूल चलाने में असमर्थता जताई थी। उन्होंने कहा कि स्कूल को लेकर अब मनजीत सिंह जीके की ओर से बिल्कुल निराधार और घटिया बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी का है और इस वक्त कमेटी चला रही है। पहले यह स्कूल पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना की ओर से नहीं चला। इसके बाद मनजीत सिंह जीके ने भी हाथ खड़े कर दिए। यह स्कूल कमेटी का था और रहेगा। जग आसरा गुरु ओट (जागो) के महासचिव परमिंदर पाल सिंह का कहना है कि यह पत्र फर्जी है। मनजीत सिंह जीके जागो के अध्यक्ष हैं। (जासं)

**अभियान** ▸ दिल्ली में भारी बहुमत के बाद देश में जनाधार बढ़ाने की तैयारी

# एक करोड़ लोगों को जोड़ेगी आप

## गोपाल राय बोले, कार्यकर्ताओं की इच्छा पर ही लड़ेंगे राज्यों में चुनाव

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

दिल्ली की सत्ता में भारी बहुमत के साथ फिर से काबिज हुई आम आदमी पार्टी (आप) ने जनाधार को बढ़ाने के लिए दिल्ली सहित देशभर में सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। आगामी 23 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के तहत एक करोड़ लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इससे मिस्ड कॉल से लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा।

पार्टी के वरिष्ठ नेता और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार से दिल्ली सहित देशभर के 20 राज्यों में राष्ट्र निर्माण अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत पहले चरण में सभी राज्यों में पोस्टर लगेंगे, फिर मिस्ड कॉल से जुड़े लोगों के आधार पर आगे की रणनीति तय होगी। दूसरे चरण में कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे और फिर दिल्ली में स्थापित हुई काम की राजनीति का प्रचार-प्रचार किया जाएगा।

राष्ट्र निर्माण अभियान के संयोजक गोपाल राय ने कहा है कि किसी भी राज्य में कोई भी चुनाव पार्टी तभी लड़ेगी जब वहां के कार्यकर्ता इसके लिए राजी होंगे। जिस राज्य में हम मजबूत हैं, वहां स्थानीय निकाय चुनाव भी लड़े जाएंगे। उत्तराखंड के प्रदेश संयोजक द्वारा आगामी चुनाव लड़ने की बात करने के बारे में पूछे जाने पर राय ने कहा कि हर राज्य की अलग अलग समीक्षा की जाएगी। जो परिस्थिति बनेगी उसी के तहत काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देशभर में पार्टी के विस्तार के लिए 20 राज्यों में राष्ट्र निर्माण अभियान शुरू किया गया है।

## गांवों के रास्ते उत्तर प्रदेश में जमाएगी कदम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : दिल्ली में जीत की हैट्रिक लगाकर आत्मविश्वास से लबरेज आम आदमी पार्टी (आप) की नजर देश की राजनीति के गेमचेंजर उत्तर प्रदेश पर है। पहले भी यहां संभावना तलाश चुकी आप ने इस दफा पूरा रोडमैप तैयार किया है। शनिवार को यहां रोड शो के बाद हुई बैठक में सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को समझाया कि हमें गांवों के रास्ते उप्र में कदम जमाने हैं। पंचायत चुनाव से इसकी शुरुआत होगी। गांधी भवन में आयोजित बैठक को संजय सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक बाजपेई ने संबोधित किया। संजय सिंह ने कहा कि उप्र अब पार्टी की प्राथमिकताओं में से एक है। यहां 25 लाख सदस्य बनाने हैं। साथ ही अगले एक महीने में प्रदेश की हर विधानसभा में 5000 पोस्टर लगेंगे। अगले 90 दिनों में लगभग 1,07, 000 गांवों में कार्यकर्ता जन संवाद करेंगे। आम आदमी पार्टी जिला पंचायत चुनाव भी लड़ेगी। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि दिल्ली सरकार में उप्र मूल के पांच मंत्री हैं। वह गांव-गांव जाकर अपना अभिनंदन समारोह आयोजित कराएंगे और इस तरह लोगों को जोड़कर उन्हें दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का विकास मॉडल समझाएंगे। इस पूरे अभियान की निगरानी एक विशेष मॉनीटरिंग कमेटी करेगी। प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि 24 फरवरी से 22 मार्च तक सदस्यता अभियान चलेगा। शहरों के भी 12000 वार्डों में अभियान चलाएंगे। बैठक से पहले दिल्ली से आए नेताओं का अगुवाई में विजय जुलूस निकाला गया।

**आते ही कांग्रेस को झटका, शामिल हुए जायसी** : उप्र में अभियान की शुरुआत के साथ ही आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को पहला झटका दिया। कांग्रेस के पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री, पूर्व एमएलसी व यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमेठी निवासी मो. नदीम जायसी आप में शामिल हो गए। उनके साथ ही यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व सचिव वतन सिन्हा और धनराज सोनकर ने भी कांग्रेस छोड़ दी। नदीम ने कहा कि कांग्रेस में अब कोई विचारधारा ही नहीं है। ऐसी स्थिति में गांधी व नेहरू की विचारधारा को मानने वालों को हर दिन पार्टी में अपमानित होना पड़ रहा है। मै गांधी की विचारधारा पर आगे बढ़ काम करना चाहता हूं, इसलिए कांग्रेस को अलविदा कहा।

# हैप्पीनेस करिकुलम पर दिल्ली सरकार और देगी ध्यान



दिल्ली सरकार के स्कूलों में हैप्पीनेस की क्लास डेढ़ साल पहले शुरू की गई थी। (फाइल)

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार के स्कूलों में हैप्पीनेस करिकुलम के कारण अब सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है। स्कूलों में अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जो बच्चे पहले कक्षाओं में शरारत करते थे, अब वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। स्कूलों में पढ़ाई का स्तर सुधर रहा है। दिल्ली सरकार का कहना है कि यह सब हैप्पीनेस करिकुलम से संभव हुआ है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का कहना है कि इसे सुधार को देखते हुए अब हैप्पीनेस करिकुलम पर और जोर दिया जाएगा।

दिल्ली सरकार के स्कूलों में हैप्पीनेस की क्लास डेढ़ साल पहले शुरू की गई थी। इस क्लास में विद्यार्थियों को यह मार्गदर्शन दिया जाता है कि वे अपनी भावनाओं के प्रति सजग रहें और दूसरों के प्रति भी उनका व्यवहार अच्छा हो। यह क्लास शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां ध्यानपूर्वक सुनने, स्वीकारने और जोड़ने की प्रक्रिया के माध्यम से एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने का अवसर मिलता है। इससे स्वस्थ और समरसतापूर्ण संबंधों के निर्माण में मदद मिलती है। यह करिकुलम 40 से अधिक सदस्यों की टीम द्वारा छह माह की अवधि में तैयार किया गया था, जिसमें दिल्ली सरकार के शिक्षक, परामर्शदाता, शिक्षकों के प्रशिक्षक और गैर सरकारी संगठनों के सदस्य शामिल थे। प्रतिदिन स्कूलों में कक्षा नर्सरी से लेकर आठ तक के आठ लाख विद्यार्थी और 21 हजार शिक्षक इसका लाभ ले रहे हैं। इसे 1024 विद्यालयों में चलाया जा रहा है। हैप्पीनेस क्लास प्रतिदिन 45 मिनट की होती है।

**कक्षा की गतिविधियां** : 5 मिनट (प्रतिदिन) :

**माइंडफुलनेस गतिविधियां** : 35 से 40 मिनट :

**कहानी** : सोमवार, मंगलवार और बुधवार

**गतिविधियां** : बृहस्पतिवार और शुक्रवार **अभिव्यक्ति** : शनिवार

### इस तरह हैप्पीनेस के लिए किया जाता है काम

**संवेदना के माध्यम से खुशी उपलब्ध कराना** : यह वह खुशी है जो हम अपनी पांचों इंद्रियों (देखने, सुनने, छूने, सूंघने और चखने) की संवेदनाओं के माध्यम से प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिए जब हम अच्छा खाना खाते हैं, कोई फिल्म देखते हैं या गाना सुनते हैं तो कुछ पलों से लेकर कुछ घंटों तक हम खुशी महसूस करते हैं, यह क्षणिक खुशी है।

**संबंधों में भाव के तालमेल से दीर्घकालीन खुशी** : यह खुशी उस समय महसूस होती है, जब हमारे प्रति कोई स्नेह, विश्वास, सम्मान, कृतज्ञता आदि व्यक्त करता है। यह किसी भौतिक वस्तु से प्राप्त नहीं की जा सकती है। संवेदनाओं द्वारा खुशी की तुलना में यह अधिक समय तक महसूस होती है, यह दीर्घकालीन खुशी है।

**समझ और सजगता से स्थायी खुशी** : यह खुशी अपने विचारों के प्रति सचेत रहने, अपने कार्यों के प्रति सजग रहने और आंतरिक द्वंद्व से मुक्त रहने से संबंधित है। यह खुशी उस समय महसूस होती है, जब हम किसी समस्या का समाधान कर पाते हैं, कुछ नया सीखते हैं। किसी अवधारणा को समझ पाते हैं। यह खुशी हमें बहुत लंबे समय तक महसूस होती है। यह विचारों की स्पष्टता, स्वयं की गहन समझ, एकाग्र होने में समर्थ होने और सजग रहने से मिलती है। जब एक व्यक्ति को अपनी समझ और बदलते हुए व्यवहार पर चिंतन से खुशी महसूस होती है तो वह मुश्किल परिस्थितियों में भी संतुलन में रहने में सक्षम बनता है और शांति और सुकून में रहता है।

# जेवर एयरपोर्ट के लिए बिजली की व्यवस्था

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा**

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जहांगीरपुर सब स्टेशन से बिजली की आपूर्ति होगी। एयरपोर्ट के निर्माण एवं संचालन के लिए बिजली की मांग का आकलन करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड (नियाल) की ओर से विकासकर्ता कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को पत्र भेजा गया है। इस मुद्दे पर उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) के अधिकारियों के साथ दोनों कंपनियों के अधिकारियों की एक बैठक हो चुकी है।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण का समय नजदीक आता जा रहा है। विकासकर्ता कंपनी मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने में जुटी है। इसके साथ ही एयरपोर्ट निर्माण के लिए जरूरी ढांचागत सुविधाओं को उपलब्ध कराने को लेकर कवायद शुरू हो चुकी है। एयरपोर्ट के लिए जिले में मौजूदा बिजली ढांचे से ही आपूर्ति की जाएगी। जहांगीरपुर में 765 केवी का सब स्टेशन है। इससे एयरपोर्ट तक सीधे बिजली लाइन बिछाई जाएगी।

नियाल की ओर से विकासकर्ता कंपनी को पत्र भेजकर पूछा गया है कि एयरपोर्ट के निर्माण कार्य एवं संचालन शुरू होने पर उसे कितनी बिजली की जरूरत होगी। कंपनी की ओर से जवाब आने पर बिजली लाइन एवं सब स्टेशन आदि को लेकर योजना तैयार की जाएगी। पूर्व में हुई बैठक में ट्रांसमिशन कारपोरेशन के अधिकारियों ने दावा किया है कि जेवर एयरपोर्ट की जरूरत पूरा करने के लिए उसके पास पर्याप्त बिजली उपलब्ध है।

जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में दो रनवे का निर्माण होगा। हालांकि एक रनवे के साथ एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान शुरू हो जाएगी। इसके मद्देनजर बिजली की उपलब्धता का अनुमान लगाया जाएगा। एयरपोर्ट के लिए 1334 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। इसमें रनवे के अलावा टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) टॉवर का निर्माण होना है।

## निर्माण से पहले ही खाते में दर्ज हुई वैश्विक उपलब्धि

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा** : जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण शुरू होने से पहले ही इसके खाते में उपलब्धि दर्ज होना शुरू हो गया है। जेवर एयरपोर्ट को सौ ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की सूची में शामिल किया गया है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों को मार्च में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में होने वाले सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भारत के सबसे बड़े एयरपोर्ट के तौर पर विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में दो रनवे का निर्माण होगा। इसके लिए विकासकर्ता कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी का चयन हो चुका है। सीजीएलए इंफ्रास्ट्रक्चर ने 2020 के सौ रणनीतिक ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जगह दी है। इस सूची में जगह बनाने वाला भारत से जेवर एयरपोर्ट इकलौता प्रोजेक्ट है। सीजीएलए इंफ्रास्ट्रक्चर के सीईओ नॉरमन एडरसन ने एयरपोर्ट प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को न्यूयॉर्क में 25 से 27 मार्च तक होने वाले 13वें ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर लीडरशिप फोरम में आमंत्रित किया है। इसमें अधिकारियों को जेवर एयरपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में दुनिया भर से इंफ्रास्ट्रक्चर पर कार्य करने वाले दिग्गज जुटेंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का ऐसा एयरपोर्ट है, जिससे सरकार को सबसे अधिक राजस्व मिलेगा। एयरपोर्ट से सरकार को 400 .97 रुपये प्रति यात्री का राजस्व मिलेगा। एयरपोर्ट निर्माण के लिए छह गांव की 1334 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कार्य पूरा हो चुका है। विकासकर्ता कंपनी व उसकी एसपीवी कंपनी सिक्योरिटी क्लीयरेंस के लिए भारत सरकार में आवेदन कर चुकी है। मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। जल्द ही एयरपोर्ट का शिलान्यास होने की संभावना है।

## दिल्ली कांग्रेस के हालात पर आलाकमान को जल्द सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली** : तमाम विवादित बयानों और आरोप-प्रत्यारोपों के बीच दिल्ली कांग्रेस के हालात पर पार्टी आलाकमान को जल्द रिपोर्ट भेजे जाने की संभावना है। इसी रिपोर्ट के आधार पर पार्टी की प्रदेश इकाई को लेकर कुछ अहम निर्णय लिए जाएंगे। यह निर्णय भी मार्च माह में ले लिए जाने के आसार हैं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक दिल्ली कांग्रेस के नए अंतरिम प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल सोमवार या मंगलवार को पूर्व प्रभारी पीसी चाको से मिलकर औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल सकते हैं। यह बात अलग है कि कार्य प्रभार संभालने से पहले ही उन्होंने कार्य शुरू कर दिया था। दिल्ली के काफी नेताओं से वह मिल चुके हैं। जल्द ही बचे नेताओं से मुलाकात करेंगे। इन सभी से मिले इनपुट के आधार पर ही वह रिपोर्ट तैयार करेंगे। बताया जाता है कि इस रिपोर्ट में गोहिल न केवल दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के कारणों पर प्रकाश डालेंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि यहां पार्टी की मौजूदा स्थिति क्या है और भविष्य में इसे बेहतर कैसे किया जा सकता है। वहीं, संगठन को मजबूत करने के लिहाज से इसकी कमान कैसे नेताओं के हाथ में सौंपी जाए, इसे लेकर सुझाव भी दिया जाएगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर कुछ निर्णय लेने की संभावना है।



### हुनर हाट के आखिरी दिन उमड़े लोग

राजपथ के लान में चल रहा हुनर हाट रविवार को संपन्न हो गया। इस बार हुनर हाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहुंचने से इसकी चर्चा खूब हुई। 12 दिनों तक चले इस आयोजन में प्रधानमंत्री के साथ ही उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत 15 लाख से अधिक लोग पहुंचे। हुनर हाट में 250 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए थे। खास बात यह थी कि 80 फीसद स्टॉल महिलाओं के थे। अंतिम दिन रविवार होने के कारण एनसीआर के शहरों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। अगले हुनर हाट का आयोजन रांची में 29 फरवरी से 8 मार्च तक होगा। जागरण

## आवंटियों को दंडात्मक ब्याज से राहत दे सकता है यमुना प्राधिकरण

**जासं, ग्रेटर नोएडा** : यमुना प्राधिकरण हजारों आवंटियों को दंडात्मक ब्याज से राहत देने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल में विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद के आवंटियों को दंडात्मक ब्याज से छूट दी थी। प्रदेश सरकार के इस फैसले को प्राधिकरण अपने बोर्ड में रखकर आवंटियों को राहत देने की तैयारी में है। आवंटी बकाया रकम का एक मुश्त भुगतान कर योजना का लाभ ले सकेंगे।

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 28 फरवरी को होगी। प्राधिकरण अधिकारी बैठक के लिए प्रस्ताव तैयार करने में जुटे हैं। नियमित रूप से बैठक कर अधिकारी प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। बोर्ड बैठक में किसान, आवंटी से संबंधित प्रस्ताव के अलावा आगामी वित्त वर्ष में संपत्ति दरों का प्रस्ताव शामिल होगा। हालांकि संपत्ति दरों में बढ़ोतरी की संभावना कम है। आवंटियों को राहत देने की तैयारी है। प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय योजनाओं के हजारों आवंटी हैं। जिन्होंने समय पर किस्तों का भुगतान नहीं किया। इस वजह से उन पर दंडात्मक ब्याज समेत भारी भरकम धनराशि बकाया हो चुकी है।

# दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र आज से

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

नवगठित दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र सोमवार से शुरू होगा। विधानसभा सदन में नवनिर्वाचित विधायकों के स्वागत की तैयारी पूरी कर ली है। प्रोटेम स्पीकर शोएब इकबाल को बनाया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल ने उनका नियुक्ति पत्र जारी कर दिया है। पहले सत्र में प्रोटेम स्पीकर सुबह 11 बजे से विधायकों को शपथ दिलवाएंगे। दोपहर बाद विस के अध्यक्ष का चुनाव होगा।

24 से 26 फरवरी तक चलने वाले इस सत्र का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी कैबिनेट की पहली बैठक में अनुमोदन कर दिया था। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर सभी सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का भाषण होगा और 26 को इस भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव आएगा। उपराज्यपाल भाषण में दिल्ली के विकास एवं सरकार की योजनाओं के बारे में विचार रखेंगे। इसमें सरकार के अगले पांच साल की योजनाओं का खाका होगा। धन्यवाद प्रस्ताव में विधायक अपने-अपने विचार रखेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। दिल्ली विधानसभा में इस बार आम आदमी पार्टी (आप) के 62 और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ विधायक हैं। कांग्रेस का खाता भी नही खुल पाया है।

**विधानसभा की कमान फिर रामनिवास गोयल के हाथ** : दिल्ली विधानसभा की कमान फिर से शाहदरा से विधायक राम निवास गोयल को मिलने जा रही है। गोयल का नाम फाइनल हो गया है। गोयल के साथ विधानसभा के उपाध्यक्ष का पद फिर से राखी बिड़ला को दिया जाएगा। हालांकि इसके लिए विधानसभा में चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। मगर इन पदों के लिए केवल गोयल और राखी बिड़ला का ही नामांकन हुआ है।

बता दें कि रामनिवास गोयल आप सरकार के पिछले कार्यकाल में भी दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं। पिछले पांच साल में उन्होंने विधानसभा में बहुत से बहुत से कार्य कराए हैं। क्रांतिकारियों की गैलरी बनाई गई। शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमाएं लगाई गईं।

## एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर क्यूआर कोड से सफर और आसान



फाइल फोटो

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली** : दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो में सफर के लिए सोमवार से ट्रिप पास जारी करना शुरू करेगा। इस पहल से एक्सप्रेस लाइन की मेट्रो में सफर करने वाले यात्री सुविधानुसार एक ही बार 10, 30 या 45 ट्रिप के लिए क्यूआर कोड ले सकेंगे। यदि कोई यात्री 10 ट्रिप के लिए क्यूआर कोड आधारित ट्रिप पास लेता है तो वह इससे 10 बार मेट्रो में सफर कर सकेगा। इस दौरान उसे बार-बार कोड लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसलिए ट्रिप पास का इस्तेमाल स्मार्ट कार्ड की तरह हो सकेगा। स्मार्ट फोन से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर लगे विशेष फेयर कलेक्शन गेट (एएफसी) पर क्यूआर कोड स्कैन कर यात्री सफर कर सकेंगे।

वैसे इस मेट्रो लाइन पर स्मार्ट फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर किराया भुगतान की सुविधा पहले से ही है, लेकिन सिर्फ एक यात्रा के लिए ही यह जारी होता था। इसलिए यात्रियों को इस कॉरिडोर की मेट्रो में सफर के लिए हर बार किराया भुगतान कर अलग कोड लेना पड़ता था। डीएमआरसी का कहना है कि अब यात्री पेटीएम व राइडलर मोबाइल एप से एक ही बार में ट्रिप पास ले सकेंगे। इसके लिए यात्रियों को एप मोबाइल पर डाउनलोड करना पड़ेगा। एप को ओपन करने पर मेट्रो का विकल्प मौजूद होगा। मेट्रो के विकल्प पर क्लिक करने पर दिल्ली मेट्रो का विकल्प सामने आएगा। फिर दिल्ली मेट्रो पर क्लिक कर क्यूआर कोड टिकट का विकल्प चयन करना होगा। इसके बाद अपनी सुविधा के अनुसार स्टेशन का चयन कर यात्री ट्रिप पास ले सकेंगे।

ट्रिप पास की वैधता भी तय होगी। संभवतः 10 ट्रिप का पास 15 दिन, 30 व 45 ट्रिप का पास 30 दिन के लिए वैध होगा। इस निर्धारित अवधि के अंदर सफर नहीं करने पर बाकी पैसा वापस नहीं मिल पाएगा। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर सिर्फ छह स्टेशन हैं।

**आयोजन**

# वनवासियों के लिए शहरी क्षेत्र के लोग बनें राम : कोकजे

वनवासी रक्षा परिवार कुंभ में मुख्य अतिथि बोले, बनवासी की रक्षा उसके संस्कार और संस्कृति की रक्षा करना है

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

वनवासी की रक्षा करना उसके संस्कार और संस्कृति की रक्षा करना है। शास्त्रों में भी वानप्रस्थ आश्रम का जिक्र किया गया है, जिससे वन और वनवासियों के महत्व के बारे में पता चलता है। वनों में रहने वाले लोगों से सामुदायिक कार्य प्रणाली चली आ रही है। वनों का प्रयोग शहरों के लिए किया गया। वनों पर शहर का कुप्रभाव पड़ा है, जिससे वनवासियों को कष्ट हुआ है। अब शहर के लोगों को वनवासियों के लिए फिर से राम बनना होगा। ये बातें रविवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित वनवासी रक्षा परिवार कुंभ के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु सदाशिव कोकजे ने कही। कार्यक्रम का आयोजन वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन ने एकल अभियान के तहत किया गया।

रविवार सुबह कुंभ में यज्ञ किया गया। वातावरण की शुद्धि के लिए किए गए यज्ञ के बाद फाउंडेशन की ओर से किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं ने भजन प्रस्तुत किया। हिमाचल व असम सहित कई स्थानों के वनवासी कार्यकर्ताओं ने पारपंरिक वेषभूषा में स्थानीय लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। नेपाल से आए कार्यकर्ताओं ने वाद्ययंत्रों के जरिये स्थानीय भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने कहा कि देश की संस्कृति को बचाने और अखंडित रखने का यह सराहनीय प्रयास है। 80 फीसद भारत गांवों में रहता है और सनातन भारत भी गांवों में ही बसता है। एकल विद्यालय से शिक्षा और सत्संग से संस्कारित करने का कार्य प्रशंसनीय है। विशेष अतिथि के रूप में आए महामंडलेश्वर स्वामी अनुभूतानंद गिरि ने कहा कि वनांचल के लोग रोम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रहे हैं। राम वनवासी बने थे तो उन्होंने गिरिवासियों को सद्भाव का वातावरण दिया। शहर के लोगों को उदार भावनाओं से वनवासियों से प्रेम करना होगा। वनवासियों को शहरी लोग अपने साथ लेकर चलेंगे तो भारत निश्चित रूप से विश्व गुरु बनेगा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि राम वनवास इसलिए गए थे कि वे बताना चाहते थे कि मैं सिर्फ अयोध्या का नहीं, बल्कि केवट और शबरी का भी हूं। कृष्ण ने प्रारंभिक लीलाएं वन से शुरू कीं और वह राजमहल तक गए। आज राम और शबरी, कृष्ण और सुदामा के प्रेम की आवश्यकता है।



इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित वनवासी रक्षा परिवार कुंभ में अपनी प्रस्तुति देतीं कलाकार। जागरण

कार्यक्रम का समापन 'जागो हिंदुस्तान' की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज अरोड़ा, संयोजक हेमंत बत्रा, कार्यकारी संयोजक प्रवीण मित्तल, स्वागताध्यक्ष राजेंद्र चमड़िया, एकल अभियान के संस्थापक श्याम गुप्त, संगठन प्रभारी वीरेंद्र कुमार, रमेश जुनेजा, रमेश चंद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।